हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

12 अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने पांच और बुजुर्गों को भेजा अयोध्या



12 आरडब्ल्यूए ने निगमायुक्त व मेयर को गिनाई अपनी समस्याएं



## खबर संक्षेप

### राजेन्द्र सपड़ा जन परिवाद समिति के सदस्य मनोनीत



**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा को जन परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की सदस्य मनोनीत किया गया है। अपनी नियुक्ति पर राजेन्द्र सपड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

### ध्यान व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र 29 जून को

**हिसार।** नव जीवन के मायने समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओशो ध्यान उपवन में 29 जून को ध्यान व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले सत्र में ध्यान व प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा और साधकों का ध्यान की विधियों से परिचय करवाया जाएगा।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर कल से

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 29 व 30 जून को लगने वाले निशुल्क शिविरों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ये शिविर स्वर्गीय बजरंग दास गोयल की पत्नी स्वर्गीय मनोहरी देवी की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजित किए जाएंगे। केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल ने बताया कि इन शिविरों में आंखों की जांच व आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे।

### आयकर कटौती प्रमाण पत्र ऑनलाइन मिलेगा

**हिसार।** हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त जिन पेंशनर के वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान आयकर की कटौती हुई है या आयकर फाईल करने के लिए फार्म-16 पार्ट ए, फार्म-16 पार्ट बी या कन्सोलिडेटेड फार्म-16 की आवश्यकता है, उन पेंशनरों को खजाना कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है। नगराधीश हरिराम ने बताया कि ऐसे पेंशनर हरियाणा सरकार की वेबसाइट से फार्म डाउनलोड कर सकते हैं।

### रेड स्क्वेयर मार्केट पार्किंग से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत रेड स्क्वेयर मार्केट की पार्किंग से की गई। इसके बाद टीम ने रेलवे स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने जिन्दल चौक से आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटाया।

### राज्य जूनियर रग्बी चैम्पियनशिप कल से

**हिसार।** हरियाणा राज्य में रग्बी को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के तहत 10वीं हरियाणा स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर रग्बी चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन 29 जून को सुबह 8:30 बजे से जिंदल पार्क, मिल गेट, में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पहले 24 जून को प्रस्तावित थी जिसे टेक्निकल कारणों से स्थगित कर दिया था।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**हांसी।** हिसार रेवाड़ी रेलवे लाइन पर शुक्रवार सुबह ओरंगनगर व जीता खेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच रेल लाइन पार करते समय एक बुजुर्ग की रेलगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भिवानी जिले के गांव मिलकपुर निवासी 78 वर्षीय रामकिशन के रूप में हुई है। हांसी रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

---

### छात्रों ने थाली-चम्मच बजाकर रैली निकाली और किया प्रदर्शन

# आंदोलनकारी छात्रों और हकृवि प्रशासन थम नहीं रहा गतिरोध

छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लगाए संवेदनहीनता दिखाने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





हिसार। हाथों में थाली-चम्मच लेकर प्रदर्शन करते विद्यार्थी। *फोटोः हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों को खाना व पानी न देने के मसले पर विवाद शुरू हो गया है। होस्टलों में रह रहे विद्यार्थियों ने जहां विश्वविद्यालय प्रशासन पर संवेदनहीनता बरतने के आरोप लगाए हैं वही विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन आरोपों को गलत बताया है और स्पष्ट किया कि होस्टल व मैस बंद होने के आदेश 4 जून को ही कर दिए गए थे और यह नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है जो हर वर्ष होता है।

यही नहीं, जिस समय ये आदेश जारी किए गए, उस समय छात्र आंदोलन भी नहीं था। विद्यार्थियों का आरोप है कि प्रशासन ने छात्र-छात्राओं की शांतिपूर्ण मांगों को कुचलने की मंशा से पूरे विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में भोजन और पानी की आपूर्ति रोक दी है। सबसे गंभीर स्थिति छात्राओं की रही, जिन्हें गर्ल्स हॉस्टल में रातभर बिना खाना-पानी के बंद कर दिया गया। भीषण गर्मी में जब एक छात्रा की तबीयत बिगड़ गई, तब हॉस्टल में एम्बुलेंस तक बुलानी पड़ी।

#### भोजन नहीं दिया

लड़कों के छात्रावासों में भी दिनभर कोई भोजन नहीं दिया गया। रात 12 बजे, जब मामला सुर्खियों में आने लगा तो पुलिस प्रशासन ने धरने पर बना खाना छात्राओं को दिया। छात्रों का आरोप है कि शुक्रवार सुबह छात्र छात्र कल्याण निदेशक कार्यालय पहुंचे लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने नेहरू पुस्तकालय जैसी बुनियादी शैक्षणिक सुविधा को भी बंद करवा दिया, जो सामान्यतः अवकाश के दिनों में भी खुली रहती थी। बता दें कि छात्र आंदोलन का शुक्रवार को 18वां दिन था।

#### मुख्य सचिव को शिकायत

विवि प्रशासन के बीच जारी गतिरोध के बीच आंदोलनकारी छात्रों ने धरनास्थल पर खुद खाना बनाना शुरू कर दिया है। शाम को छात्रों ने थाली-चम्मच बजाकर रैली निकाली और भोजन की मांग पर जोरदार प्रदर्शन किया। उधर, छात्रों ने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत हरियाणा के मुख्य सचिव और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखित रूप में भेजी है। इस पत्र में उन्होंने प्रशासन की अमानवीय हरकतों, छात्राओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ और भोजन जैसी मूलभूत सुविधा से इनकार को लेकर विस्तृत जानकारी दी है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आंदोलन और अधिक तेज़ और व्यापक होगा।

#### *छात्रों की आवाज़ दबाने की कोशिश लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं: दीपेन्द्र हुड्डा*

*सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ हो रहे अमानवीय बर्ताव पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हॉस्टल और मेस सुविधाओं को बंद करना घोर तानाशाही है। एक तरफ सरकार छात्रों से बात कर उनकी मांगें मानने का दिखावा कर रही है और दूसरी तरफ इस प्रकार का अमानवीय बर्ताव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जैसे किसानों के पीछे पड़ी थी, अब छात्रों के पीछे पड़ गई है।*

### सेशन समाप्ति पर हॉस्टल खाली करवाना निर्धारित प्रक्रिया : गर्ग

- 2 जून को ही जारी कर दिया था हॉस्टल खाली करने का नोटिस
- नए दाखिलों के उपरांत प्रक्रिया के तहत दोबारा से अलॉट किए जाते हैं हॉस्टल



डॉ. राजबीर गर्ग, अनुसंधान निदेशक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक एवं स्टूडेंट कोर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन डॉ राजबीर गर्ग ने कहा है कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का समापन हो चुका है। सत्र की समाप्ति पर एक माह से अधिक का ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है।

इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी हॉस्टलों को खाली करवाया जा रहा है, जो एक पूर्व निर्धारित और नियमित प्रक्रिया है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि होस्टल के मेंटेनेंस की जा सके। इसके अलावा नया दाखिला लेने वाले छात्रों के आने के उपरांत दोबारा से हॉस्टल अलॉट किए जाते हैं। यह अकडेमिक केलैंडर का हिस्सा है। प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्रावास की मरम्मत, रंग-रोगन, साफ-सफाई एवं अन्य संरचनात्मक कार्यों के लिए उन्हें खाली करवाया जाएगा, ताकि छात्रों को आगामी सत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इस बार भी इसी को लेकर 2 जून को ही हॉस्टल खाली करने का नोटिस दिया गया था।

उस समय तो धरना प्रदर्शन जैसी तो कोई बात थी ही नहीं, इसलिए यह आरोप तो बेबुनियाद है कि आंदोलन के चलते ऐसा किया गया है। मेस को बंद करने संबंधी आरोप भी निराधार है क्योंकि छुट्टियों के दौरान मेस से जुड़े कर्मचारी अपने घरों को चले जाते हैं।

### विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के आरोपी प्रो. राधेश्याम की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हुए छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज कराने के आरोपी प्रोफेसर राधेश्याम को बड़ा कानूनी झटका लगा है। अदालत ने प्रो. राधेश्याम की जमानत याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया। अदालत ने प्रो. राधेश्याम को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पूर्व इस प्रकरण में शुक्रवार को कोर्ट में जमानत पर सुनवाई के दौरान कड़ा विरोध देखने को मिला। जमानत याचिका पर करीब एक घंटे तक बहस चली। छात्र पक्ष की ओर से 15 से अधिक वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम ने विरोध करते हुए तर्क रखे कि यह सामान्य प्रशासनिक मामला नहीं बल्कि छात्रों के संवैधानिक अधिकारों का दमन है। पैरवी के दौरान कोर्ट में वह वीडियो फुटेज पेश की गई, जिसमें स्वयं प्रो. राधेश्याम को लाठी चलवाते हुए देखा जा सकता है।

---

## उदय ने जीता बॉक्सिंग में रजत पदक

- बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में दसवीं का विद्यार्थी है उदय
- विद्यालय प्रबंधन समिति ने उदय सिंह को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी उदय सिंह ने साईं एनबीए रोहतक में आयोजित सात दिवसीय छठी जूनियर बॉयज और गर्ल्स राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग के अंतर्गत रजत पदक प्राप्त करके अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश कर अभिभावकों, अध्यापकों व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

स्कूल प्राचार्या लवली चावला ने बताया कि उदय सिंह की यह उपलब्धि उसके कठिन परिश्रम, अटूट इच्छाशक्ति और अभिभावकों के समर्थन का परिणाम है। प्रधानाचार्या लवली चावला ने कहा खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, अनुशासन और नैतिकता की शिक्षाएं भी प्रदान करते हैं। ये हमारे तनाव को कम कर जीवन में उत्साह और संतोष भरा अनुभव प्रदान करते हैं तथा पारस्परिक कौशल विकसित करने में भी मदद करते हैं। उदय सिंह के रजत पदक जीतने पर विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्या, शैक्षणिक कोर्डिनेटर व अध्यापकों ने उदय व अभिभावकों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य कामना की तथा जीवन में संघर्ष करने व लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करते रहने के लिए प्रेरित किया।



हांसी। राष्ट्रीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में जीते रजत पदक के साथ उदय सिंह।

## बिजली बिलों में मनमाने चार्जों के विरोध में प्रदर्शन

- बिजली निगम के एसडीओ और एसडीएम के नाम सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

बिजली निगम द्वारा उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे बिलों में कथित भारी गड़बड़ियों, एक्सेस लोड और फिक्स चार्ज जैसे मनमाने टैक्सों के विरोध में नागरिक मंच बरवाला और एवीएन राजीव दीक्षित मंच के नेतृत्व में क्षेत्र की जनता ने प्रदर्शन किया। काफी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी करके रोष प्रकट किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पहले से ही जनता पर विभिन्न टैक्सों का बोझ है, ऊपर से अब बिजली निगम द्वारा अतिक्रमण चार्ज और अतिरिक्त लोड जैसे अनावश्यक और अवैध शुल्क थोपे जा रहे हैं, जिससे आमजन बेहद परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता से पैसा वसूलने के लिए नए-नए बहाने ढूंढ रही है, जबकि जनता पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। उन्होंने बिजली निगम के एसडीओ को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि तुरंत प्रभाव से इन अतिरिक्त चार्जों को हटाया जाए। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने बरवाला के एसडीएम कार्यालय में जाकर इस मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा। इन अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि इस मामले को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और शीघ्र ही समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

यदि जल्द ही जनता को राहत नहीं दी गई और बिलों में हो रही गड़बड़ियों को सुधारा नहीं गया, तो सरकार और बिजली निगम के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए एक बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।



बरवाला। संगठनों के प्रतिनिधि बिजली निगम के एसडीओ को ज्ञापन सौपते हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामकुमार अग्रवाल, पार्षद मोहनलाल, साधु राम, रामरूप सरहेड़ा, नाथूराम, संजय, रवि, सतीश, अशोक, दीपक, पृथ्वी सिंह, जसविंदर सिंह, संजू गांधी, राकेश, राजेंद्र, कृष्ण समेत काफी संख्या में बरवाला के लोग मौजूद रहे।



हांसी। सड़क पर अवरोध डालकर जाम लगाते ग्रामीण। *फोटोः हरिभूमि*

## पेयजल किल्लत के चलते ग्रामीणों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

- सदर थाना प्रभारी के समझाने पर भी नहीं माने ग्रामीण
- कार्यकारी अभियंता के आश्वासन पर खोला जाम

उपमंडल के गांव महजत में पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह करीब 11:20 बजे हांसी डाटा रोड़ पर बस स्टैंड के पास जाम लगा दिया। ग्रामीण राजपाल की अध्यक्षता में करीब 50 से 60 ग्रामीणों ने सड़क पर अवरोध डाल कर सड़क मार्ग कर जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पीने के पानी की पाइपलाइन भाखड़ा नहर से खरकड़ी गांव होकर आती है। खरकड़ी गांव में नहर पर लगी मोटर पिछले 10 दिन से जली हुई है। जिसको लेकर वे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत दे चुके, लेकिन आज तक किसी भी स्तर पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जाम लगा रहे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पानी की मोटर ठीक नहीं होगी, तब तक उनका यह जाम नहीं खुलेगा। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना मिलने पर थाना सदर प्रभारी उप निरीक्षक सुमेर सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया परन्तु ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

## प्रॉपर्टी डीलर पर रेप केस का दबाव बनाकर पैसे ऐंठने वाली लेडी इंस्पेक्टर की जमानत खारिज

- अग्रिम जमानत भी हो गई थी खारिज, अब गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू करेगी पुलिस
- डीजी को भेजी प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी की शिकायत पर जांच

**हिसार।** अदालत ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में प्रोपर्टी डीलर पर रेप केस का दबाव बनाकर पैसे ऐंठने के मामले में लेडी पुलिस इंस्पेक्टर की जमानत खारिज कर दी है। माना जा रहा है कि अदालत के फैसले के बाद अब उक्त इंस्पेक्टर की जांच भी शुरू होगी।

इससे पहले अदालत ने उक्त महिला इंस्पेक्टर की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी। अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर सकती है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला इंस्पेक्टर इन्फोर्समेंट विभाग थाना में तैनात थी और प्रोपर्टी डीलर के खिलाफ प्रोपर्टी संबंधित केस दर्ज इसी थाने में हुआ। वह खुद उसमें जांच अधिकारी (आईओ) थी। तभी दोनों का मिलना हुआ और संबंधों तक बात पहुंची। आरोप है कि महिला इंस्पेक्टर पर प्रोपर्टी डीलर को तांत्रिक विधि से अपने वश में कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाती थी। वह बाहर टूरिस्ट साइट पर घूमने के लिए भी प्रोपर्टी डीलर को साथ लेकर जाती और होटलों में उसने खुद प्रोपर्टी डीलर की बतौर पत्नी बताया है।

## पति के बिजनेस पार्टनर पर दुष्कर्म करने व वीडियो से ब्लैकमेल करने का केस दर्ज

- पीड़िता ने आरोपी पर जातिसूचक गाली देने का आरोप भी लगाया

**हिसार।** शहर की एक विवाहिता के साथ उसके पति के पार्टनर पर बहाने से घर में आकर दुष्कर्म करने व वीडियो बनाकर उसे डेढ़ साल तक ब्लैकमेल करने मामला पुलिस तक पहुंचा है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

महिला ने आरोपी पर जातिसूचक गाली देने का आरोप भी लगाया है। महिला ने कहा है कि मंदीप नामक व्यक्ति उसके पति के साथ बिजनेस करता है। मंदीप ने 25 जनवरी 2024 को रात करीब 12 बजे उसके पास फोन किया और उस समय वह सो रही थी। नींद खुलने पर उसने फोन उठाया तो मंदीप बोला कि पत्नी के साथ मेरी लड़ाई हो गई है। एक बार गेट खोल दे। मैंने मना कर दिया। तब उसने बोला कि मेरे सिर में तेज दर्द है, एक कप चाय पिला दे। फिर मैंने गेट खोलकर चाय बनाकर उसे दे दी। उसने एकदम गेट बंद कर मेरे साथ दुष्कर्म किया। विवाहिता के अनुसार इसके बाद मंदीप ने उसे धमकी दी कि उसने वीडियो बना ली है और यदि किसी को इस बारे बताया तो वीडियो वायरल कर दूंगा।

### कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने किया परीक्षा संचालन का निरीक्षण

# गुजवि में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

- फिजियोथेरेपी व साइकोलॉजी में प्रवेश के इच्छुक छात्रों ने दी परीक्षा
- विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को इंटेग्रेटिड बीएससी/बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी साइकोलॉजी व बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-7 में बने परीक्षा केंद्र में इंटेग्रेटिड बीएससी/बीएससी, एमएससी साइकोलॉजी कोर्स में दाखिले के लिए 248 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। इस कोर्स में दाखिले के लिए 294 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस भवन में बने परीक्षा केन्द्र में बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी कोर्स में दाखिले के लिए 407 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस कोर्स में दाखिले के लिए 519 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने परीक्षाओं के संचालन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय ने विशेष तैयारियां की हैं। साइकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि बीएससी/बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी साइकोलॉजी में दाखिले के लिए पहली काउंसलिंग 3 जुलाई को होगी।



हिसार। गुजवि में प्रवेश परीक्षाओं का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### 30 जून को आएगा परिणाम

फिजियोथेरेपी विभाग की अध्यक्षा प्रो. जसप्रीत कौर ने बताया कि बैचलर आफ फिजियोथेरेपी कोर्स में दाखिले के लिए पहली काउंसलिंग 4 जुलाई को होगी। इन प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 जून को उपलब्ध करवा दिया जाएगा।



सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।

# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



नॉलेज


यंगभूमि डेस्क

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग :** आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

### मेकेनिकल इंजीनियर

विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पार्ट्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें



मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।

### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।



### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।

### मरीन इंजीनियरिंग

यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं :** नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ" "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें :** नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें :** आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं :** नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोजाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

### आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें :** सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) $23^{\circ}30'$ दक्षिण
(बी) $23^{\circ}30'$ उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) $33^{\circ}30'$ उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) $23^{\circ}7'$ पश्चिम, गुजरात में
(बी) $68^{\circ}7'$ पश्चिम, राजस्थान में
(सी) $68^{\circ}7'$ पूर्व, गुजरात में
(डी) $68^{\circ}7'$ पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

**उत्तर** 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### फर्जी तरीके से जमानत के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत करवाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें हिसार निवासी सुनील कुमार और गांव पीरावाली निवासी लवप्रीत उर्फ लब्बू शामिल है।

जांच अधिकारी एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि आरोपी लवप्रीत थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में 17 दिसंबर 2024 को अदालत से जमानत पर रिहा हुआ था। इस दौरान जमानत के लिए फर्जी जमानती पेश किए गए थे। जांच में सामने आया कि आरोपी सुनील कुमार ने फर्जी फर्द जमाबंदी तैयार कर लवप्रीत की शिनाख्त की और जमानत करवाई थी। गांव भेरियां निवासी संजय कुमार ने शिकायत में बताया कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके नाम की फर्जी फर्द जमाबंदी का उपयोग कर अदालत में जमानती बॉन्ड दाखिल किए हैं।

### आपातकाल की पीड़ा के काले इतिहास को जानें

**हांसी।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने आपात काल के 50 वर्ष पूरे के उपलक्ष्य में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्ष 1975 में लगाए आपातकाल को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि देशवासियों विशेषकर युवा पीढ़ी को भी 26 जून 1975 की सुबह को याद रखना चाहिए, जब देश की नींद टूटी और उसे पता चला कि देश में आपातकाल लग चुका है। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी हरीश चन्द्र मनोचा, धर्मपत्नी संतोष मनोचा, सतीश कालरा धर्मपत्नी सुरेश कुमारी, निहाल चंद चावला, स्व. मामचंद की धर्मपत्नी बिमला देवी, शारदा देवी, वंदना देवी, सन्नो देवी को सम्मानित किया गया।

### मारपीट मामले में दो युवकों को किया काबू

**टोहाना।** मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना प्रभारी शादी राम ने बताया कि सुभाष चंद्र, निवासी हसनगढ़, वर्तमान में उकलाना मंडी, जिला हिसार ने शिकायत दी थी कि वह दशमेश नगर स्थित अर्चित न्यू वुड कंपनी में बॉयलर एचओडी के रूप में कार्यरत है। लगभग 6-7 महीने पूर्व सुरेंद्र पुत्र बलवान सिंह निवासी धारसूल कुलान भी उसी कंपनी में कार्यरत था, लेकिन कार्य में लापरवाही के चलते उसे नौकरी से हटा दिया गया था। इसी रंजिश में सुरेंद्र ने साथी के साथ सुभाष पर हमला कर दिया।

### कॉलेज छात्र पर चाकू से हमला करने वाला काबू

**फतेहाबाद।** कॉलेज छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक पुत्र गुलशन निवासी कबीर बस्ती, फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पीड़ित आशीष पुत्र अनुपाल निवासी तिगराणा, भिवानी की शिकायत पर पुलिस ने 31 मई को मामला दर्ज किया था। आशीष शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज, अहरवां में बीएससी नर्सिंग का छात्र है और अपने मित्र अक्षित पुत्र सुरेश कुमार, निवासी बरवाला के साथ अहरवा गांव में किराये पर रह रहा है।

## एसपी ने सोरखी चौकी का किया औचक निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

# लंबित मामलों का समय सीमा के अंदर करें निदान : अमित

पुलिस और जनता में जब आपसी तालमेल होगा, तभी क्षेत्र अपराध मुक्त होगा, चौकी का रिकॉर्ड चैक किया


नारनौंद । पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन सोरखी चौकी का निरीक्षण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

एसपी अमित यशवर्धन ने थाना बास के अंतर्गत पुलिस चौकी सोरखी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। क्षेत्र के किसी भी नागरिक को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। पुलिस जनता के सहयोग के लिए है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी के रिकॉर्ड, आपराधिक रिकॉर्ड चैक किया।

उन्होंने चौकी के इंचार्ज कक्ष व मुंशी कक्ष की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चौकी इन्चार्ज को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि चौकी में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाएं। चौकी में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुन, शिकायत का समयावधि में निदान करे। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। पुलिस और जनता में जब आपसी तालमेल होगा तभी क्षेत्र अपराध मुक्त होगा।

**ये दिए निर्देश**

चौकी में तैनात सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का समय सीमा के अंदर निदान करें और कोई घटना होती है तो मौके पर पहुंचना चाहिए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उच्च अधिकारियों के साथ संपर्क कर मदद ले। साथ ही चौकी इन्चार्ज को चौकी का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने, चौकी में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। चौकी में कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी कार्य समय में पूरे किए जाए।

## गांव खेड़ी श्योराण में खिलाड़ियों को पुलिस ने नशा न करने की दिलाई शपथ


नारनौंद । खिलाड़ियों को नशा न करने के लिए जागरूक करते हुए एएसआई फिरोज खान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- ग्रामीणों ने नशे पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने में सहयोग करने का दिया आश्वासन

पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा में तैनात एएसआई फिरोज ने गांव खेड़ी श्योराण में खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया। उन्होंने खिलाड़ियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि वह नशे पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने का प्रयास करेंगे।

एएसआई फिरोज ने जागरूक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि पूरा प्रदेश नशे से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। नशे की समस्या विकराल रूप ले रही है। 18 साल से कम उम्र के युवक भी नशे के आदि हो रहे है। जो फिर उसकी पूर्ति के लिए क्राइम भी कर रहे है।

उन्होंने ने कहा कि नशे की लत छुड़वाई जा सकती है। गांव में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं। उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नयी शुरुआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें।

## हिसार के रितेश ने जीता गोल्ड मेडल

- बॉक्सिंग के फाइनल में उत्तराखंड के बॉक्सर को 5-0 से हराया
- इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



गोल्ड मैडल जीतने वाला छात्र रितेश।

खेल नर्सरी गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल एवं सिटी बॉक्सिंग अकेडमी सेक्टर 16-17 के छात्र रितेश ने छठी जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हाल ही में रोहतक में हुई थी। सिटी बॉक्सिंग अकेडमी के कोच विकास कुमार ने बताया कि रितेश पढ़ाई व खेल में काफी चुस्त रहने वाला छात्र है। हाल ही में रोहतक में हुई छठी जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रितेश ने फाइनल में उत्तराखंड के बॉक्सर को 5-0 से पराजित करके यह गोल्ड मैडल जीता। जीत के साथ ही रितेश अब जुलाई में होने वाली इंटरनेशन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।

कोच विकास कुमार ने इस सफलता पर खिलाड़ी रितेश व उसके माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने कहा रितेश ने माता, पिता, अकेडमी व जिले का नाम रोशन किया है।

## प्राइवेट स्कूल संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री।

प्राइवेट स्कूल संघ हांसी ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को उनके चंडीगढ़ आवास पर विधायक विनोद भयाना की अध्यक्षता में एक मांग पत्र सौंपा।

संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ढंढेरी ने बताया कि उन्होंने विधायक भयाना के समक्ष प्रदेश भर के स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को रखा। इस पर विधायक भयाना ने संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्री से वार्तालाप किया और संघ ने अपना एक मांग पत्र तैयार किया जिसमें बताया गया कि प्रदेश के सैकड़ों विद्यालयों का पोर्टल बन्द था। प्राइवेट स्कूल संघ हांसी के आह्वान पर मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला द्वारा पोर्टल को खोल दिया। प्रधान ने बताया कि प्रदेश भर के विद्यालय एसएलसी तो जारी कर सकते है लेकिन वो पोर्टल पर नए विद्यार्थियों का दाखिला नही कर सकते और सत्र 2025-26 के तीन महीने पूर्ण होने को हैं। उन्होंने कहा कि एक बार सभी पोर्टलों को खोला जाए ताकि छोटी-छोटी टैक्नीकल त्रुटियां रह गई है। मांगों को सुनने के बाद शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सभी पोर्टलों को खुलवाने का सुझाव अच्छा है और वो शिक्षा विभाग को निर्देश जारी करेंगे कि सभी पोर्टलों को जल्द से जल्द खोला जाए।

## कंबोडिया भेजकर बंधक बनाने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने रिहाई के एवज में 40 लाख रुपये की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सदर पुलिस ने कंबोडिया भेजकर बंधक बनाने और रिहाई की एवज में 40 लाख की मांग करने के मामले में दूसरे आरोपी कंवारी गांव निवासी विकास को गिरफ्तार किया है।

उप-निरीक्षक नवीन ने बताया कि आरोपी विकास इस मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी सुशील कुमार का सहयोगी है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में एनसीसीआरपी पोर्टल के माध्यम से सदर थाना में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसका पति काम की तलाश में था। इसी दौरान आरोपी सुशील ने उसके पति को विदेश में अच्छी नौकरी दिलवाने का झांसा दिया।एक अप्रैल को उसका पति कंबोडिया चला गया लेकिन 4 अप्रैल को शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से उसके पति को छोड़ने के बदले 40 लाख रुपये की मांग की गई। इसके बाद लगातार उसके पति के ही मोबाइल नंबर से पैसे की मांग की जाती रही। सदर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए पहले आरोपी सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था।

## साधना एवं रोग निवारण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। तीन दिवसीय साधना एवं रोग निवारण शिविर के शुभारंभ पर योगाचार्य स्वामी जोगिन्द्र का स्वागत करते आर्य समाज के सदस्य।

आर्य समाज मंदिर प्रांगण में शुक्रवार से तीन दिवसीय योग साधना एवं रोग निवारण शिविर शुरू किया। आर्य समाज हांसी के प्रधान सतपाल आर्य देपल ने बताया कि शिविर में विश्व विख्यात योगाचार्य स्वामी जोगिन्द्र अपनी टीम के साथ शिविर को संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में योग एवं प्राणायाम से स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां प्राप्त कर अपना एवं अपने पूरे परिवार का ध्यान रख सकते हैं। आर्य समाज के संरक्षक मिथुन बंसल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ रही बीमारियों को देखते हुए समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए ताकि एलोपैथिक दवाइयां के दुष्प्रभाव एवं इनके बिना भी बीमारियों को दूर किया जा सके। संस्था के कोषाध्यक्ष ईश्वर शास्त्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अधिष्ठाता फतेह सिंह गुर्जर एवं चमनलाल नारंग ने बताया कि यह शिविर 29 जून तक आर्य समाज के प्रांगण में प्रातः 5:30 से 7 तक व सायंकालीन सत्र 6 से 7:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## बाइक के सामने अचानक कुत्ता आने से दंपति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अग्रसेन चौक के समीप गुरुवार देर शाम एक बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित बाइक सड़क पर जा गिरी जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया।

आस-पास के लोगों व राहगीरों ने दंपति को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे हिसार रेफर कर दिया जबकि महिला का पति का हांसी नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। बाइक सवार दंपति की पहचान जींद निवासी 40 वर्षीय सुनील व उसकी 33 वर्षीय पत्नी रीना देवी के रूप में हुई है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन जींद निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह सिलाई मशीनों का मिस्त्री है और उसकी पत्नी रीना देवी कपड़े बेचने का कार्य करती हैं। दोनों बाइक पर सवार होकर हांसी में कपड़ा बेचने आए थे। कपड़े बेचने के बाद रात करीब 9 बजे जब वे वापस जींद जा रहे थे, कि जींद रोड़ स्थित अग्रसेन चौक के समीप उनकी बाइक के सामने अचानक से एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी।

### जनसमस्याओं का स्थायी समाधान करें अधिकारी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम बने हैं। एक ही छत के नीचे चाहे विभाग कोई भी हो, से जुड़ी प्रत्येक नागरिक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में आई जनसमस्या का तय समय में स्थायी समाधान करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों पर समय-समय पर समीक्षा की जाती है, ताकि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार का विलंब न हो। साथ ही यह जरूर ध्यान दें कि समस्या का स्थायी समाधान हो। इससे पहले कृषि व किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अतिक्रमण, गली निर्माण, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, सफाई व्यवस्था व अन्य विभागों से संबंधित नई शिकायतों के अलावा पुरानी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के साथ करें। कोई ऐसी शिकायत जो रद्द या समाधान हो चुका कैटेगिरी में डाली जानी है, उसकी प्रॉपर जांच-पड़ताल के बाद संतुष्टिजनक जवाब के साथ ही सब्मिट की जाए।

## स्व. हरिराम अग्रवाल की स्मृति में लगवाया वाटर कूलर

- लायन्स क्लब के कार्यक्रम में साहिल भयाणा रहे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। गीता चौक पर लगाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ करते साहिल भयाणा व अन्य।

लायन्स क्लब द्वारा शुक्रवार को स्व. हरिराम अग्रवाल की स्मृति में गीता चौक पर वाटर कूलर लगवा कर उसका शुभाराम्भ किया गया।

यह कूलर उनकी धर्मपत्नी दिल्ली निवासी सुनीता अग्रवाल के सहयोग से लगाया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना के पुत्र साहिल भयाणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स ने की। नगर परिषद हांसी के चेयरमैन प्रवीण एलावादी व पीडब्ल्यूडी विभाग की जेई मोनिका दहिया विशिष्ट अतिथि रही।

इस अवसर पर लायन प्रधान दीपक मित्तल, सुरेश बंसल, अशोक भुटानी, महेन्द्र पुष्करणा, रामस्वरूप खट्टर, प्रवीण गर्ग, सुरेन्द्र बांगा, विजय शर्मा, प्रेम वर्मा, लक्की, राधिका वाले उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने 'नो पार्किंग' में खड़ी गाड़ियों को हटाकर सड़क को किया जाम फ्री

# पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े सात वाहनों के किए चालान

- वाहन मालिकों को सड़क पर वाहन पार्क नहीं करने की हिदायतें भी दी गई
- सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण आमजन को आवागमन में होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने के निर्देश देते पुलिस अधिकारी।

ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने शुक्रवार को जाट धर्मशाला से एसडी महिला महाविद्यालय व तोशाम चौक से गर्ग अस्पताल रोड़ पर नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को हटाकर सड़क को जाम फ्री करवाया। इस दौरान पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े 7 वाहनों के चालान किए गए। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर को जाम फ्री करने के उद्देश्य से जाट धर्मशाला से एसडी महिला महाविद्यालय व तोशाम चौक से गर्ग हॉस्पिटल रोड़ पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए वहां खड़े किए गए वाहनों को हटवा कर सड़क को खाली करवाया साथ वाहन मालिकों को सड़क पर वाहन पार्क नहीं करने की हिदायतें भी दी गई।

इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि इस रूट पर नो पार्किंग क्षेत्र होने के बावजूद लगातार दोपहिया व चारपहिया वाहन सड़कों के किनारे खड़े किए जा रहे थे, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी होती है।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ 7 वाहनों के चालान भी किए।

**ट्रैफिक इंचार्ज ने आमजन से की अपील**

ट्रैफिक इंचार्ज सुनील कुमार ने कहा कि नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना यातायात नियमों का उल्लंघन है इसलिए वाहन चालक अपने वाहन को खड़ा करने के लिए निर्धारित पार्किंग स्थानों का उपयोग करें ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

**ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई की सराहना**

अभियान को लेकर स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों ने ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के लगातार अभियान चलाए जाने से शहर में सड़क जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी।

## ग्वार की खड़ी फसल में खरपतवारनाशक दवा के स्प्रे से दोहरा नुकसान : डॉ. यादव


हिसार । किसानों को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव बांडाहेड़ी में कृषक शिविर लगाकर किसानों को ग्वार की उन्नत किस्मों, बीजोपचार व ग्वार की खड़ी फसल में अनावश्यक खरपतवारनाशक दवाई का प्रयोग न करने व इसके नुकसान की जानकारी दी गई। शिविर में कृषि विभाग से सेवानिवृत उपमण्डल कृषि अधिकारी डॉ. बृजलाल बेनीवाल मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक सतबीर सिंह ने की।

मुख्य अतिथि डॉ. बृजलाल ने कहा कि किसी भी दवा का प्रयोग करने से पहले कृषि वैज्ञानिक व कृषि अधिकारी से संपर्क अवश्य करें। उन्होंने मूंग की खेती के लिए एमएच 1142 किस्म बिजाई पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा रामकुमार, विक्रम, रामकिशन, सतबीर, राजकुमार नेहरा, निहालसिंह, अमर सिंह, भागीरथ, जोगिन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

## नकली घी तैयार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने नकली घी बनाने वाले मामले में आरोपी अमित सचदेवा निवासी खातियान मोहल्ला हांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी खातियान मोहल्ला स्थित अपने घर में नकली घी तैयार कर उसके उपर ब्रांडेड कम्पनियों के लेबल लगाकर बेचता था। थाना शहर हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## जग्गा बाड़ा की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

**हांसी।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हांसी पुलिस ने गांव सैनीपुरा में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। सिसाय पुल चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में ढ़ाणी पाल, सैनीपुरा, जग्गा बाड़ा और दयाल सिंह कॉलोनी कुल 4 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबला दयाल सिंह कॉलोनी और जग्गा बाड़ा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जग्गा बाड़ा की टीम ने 3-2 से दयाल सिंह कालोनी की टीम को हराकर जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

## सावन कृपालु रुहानी मिशन का रक्तदान शिविर कल

**हांसी।** नई कचहरी के सामने स्थित सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा रविवार को सुबह 10 से 2 बजे तक तक 37वां रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में रक्त रेड क्रॉस सोसाइटी हिसार के द्वारा रक्त एकत्रित किया जाएगा इस कैंप के अंदर सिविल हॉस्पिटल हिसार और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम रक्त एकत्रित करेंगी। मिशन के प्रवक्ता शिवचरण सैनी ने बताया कि रक्त जरूरतमंद लोगों व थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

## दिवंगत सुरेश के परिवार की मदद करने की गुहार

**हिसार।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर (मंगाली) हिसार-प्रथम में कार्यरत अंशकालीक कर्मचारी सुरेश का लम्बी बिमारी के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। गत 8 जुलाई 2003 से नियुक्त सुरेश ने इस पद पर रहते हुए हमेशा इमानदारी के साथ कार्य किया। इस काम के बदले उसे वर्ष में 10 माह 9720 रुपये प्रति माह के हिसाब से वेतन मिलता था।

## 3.24 लाख के गबन का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस ने सत्या माइक्रो कैपिटल फाइनेंस कंपनी की जिंदल चौक शाखा से 3 लाख 24 हजार 109 की गबन के मामले में नामजद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जिले के सदलपुर गांव निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी अमित जुलाई 2022 से उपरोक्त फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। आरोपी ने कंपनी के 16 ग्राहकों से 3 लाख 24 हजार 109 की राशि की वसूली की, लेकिन यह रकम कंपनी में जमा न करके गबन कर ली। इसके अतिरिक्त, आरोपी ने कंपनी के रिजनल मैनेजर को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिजली कर्मी करेंगे काम का बहिष्कार

# सरकार की गलत नीतियों का देंगे मुंहतोड़ जवाब: देवेन्द्र हुड्डा

**ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की हिसार यूनिट नंबर 1 व 2 की संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। कन्वेंशन को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की हिसार यूनिट नंबर 1 व 2 की संयुक्त कन्वेंशन राजगढ़ रोड स्थित अधीक्षक अभियंता कार्यालय परिसर में यूनिट नंबर 1 के सचिव अनिल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कन्वेंशन का संचालन यूनिट नंबर 2 के सचिव रमेश झोरड़ ने किया। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र हुड्डा ने बताया कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार बिजली क्षेत्र को ओने पोने दामों में बड़े-बड़े पूंजीपतियों के हवाले कर बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को आम जनता, किसान व मजदूर की पहुंच से बाहर कर रही है। उन्होंने बताया कि बिजली निगमों में वर्कलोड के आधार पर खाली पदों पर स्थाई भर्ती नहीं की जा रही है। देवेन्द्र हुड्डा ने बताया कि उक्त तमाम मांगों को देश की तमाम ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल के माध्यम से उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिजली कर्मचारी अपने काम को ठप करके सरकार की जनविरोधी नीतियों का मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगे।

कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ जिला हिसार के सचिव राजेश बागड़ी व सह सचिव अशोक सैनी ने बताया की हड़ताल की तैयारी को लेकर 2-3 जुलाई को सर्व कर्मचारी संघ का राज्य स्तरीय जत्था हिसार जिला के सभी ब्लॉकों के विभागों में गेट मीटिंग करते हुए कर्मचारियों से सम्पर्क करेगा व 4 जुलाई को सभी ब्लॉकों में मोटरसाइकिल जत्थे निकाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को सभी विभागों में हड़ताल की जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

कन्वेंशन को जगमिंदर पूनियां, सूबे सिंह कादयान, अशोक नेहरा, पूनम कुंडू, दलीप सोनी, दिलबाग जांगड़ा, अशोक सैनी, ओम प्रकाश वर्मा, जोनी कुमार, विजेन्द्र पूनियां, रविन्द्र बिश्नोई, सुरेन्द्र हुड्डा, विनोद दुहन, सुरेन्द्र फौजी, सुशील कुमार, विकास शर्मा, रमेश बूरा, कुलदीप, विनोद सैनी, सुरेश भ्याणा, विरेन्द्र खट्टर, उमेश बूरा, रमेश कुमार व बोबिन्द्र हुड्डा आदि ने भी संबोधित किया।

# विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ, निकाली जागरूकता रैली

- राजकीय महाविद्यालय उकलाना में नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना



उकलाना। नशे न करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय उकलाना में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशामुक्ति पखवाड़ा के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशा मुक्ति की ओर प्रेरित करना था। इस अभियान का नेतृत्व महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी व्यक्ति के जीवन को अंधकार में धकेल सकता है। इससे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से व्यक्ति को नुकसान होता है। हमें मिलकर एक नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा न करने और समाज को भी नशा मुक्त बनाने की सामूहिक शपथ ली। इसके साथ ही पोस्टर प्रदर्शनी, नारे लेखन और जागरूकता रैली जैसे रचनात्मक माध्यमों से विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# आर्द्रा नक्षत्र पर तिरुपति धाम में निकली रामानुज स्वामी की सवारी शोभा यात्रा

- शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, रथ को रस्सों से खींचकर की धाम की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आर्द्रा नक्षत्र के पावन अवसर पर श्री तिरुपति बालाजी धाम में रामानुज स्वामी का तिरुमंजन विधि विधान से किया गया। इस दौरान विधिपूर्वक पूजा व अर्चना की गई और रथ में स्थापित पालकी में सायंकाल रामानुज स्वामी के विग्रह को पूरी श्रद्धा के साथ विराजमान किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा के साथ रामानुज स्वामी की आराधना की और रथ को रस्सों से खींचकर धाम की परिक्रमा की। परिक्रमा करते हुए पूरा धाम जय तिरुपति बालाजी, जय भगवान वेंकटेश और रामानुज स्वामी की जय से गूंज उठा। परिक्रमा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।

अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में भगवान श्री वेंकटेश जी, माता पदमावती जी और माता गोदांबा जी के मुख्य मंदिर स्थापित किए गए हैं। धाम में ही रामानुज स्वामी का मंदिर भी शोभायमान है। दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित इन मंदिरों के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है।

# 7155 में से 5012 शिकायतों का निवारण

- समाधान शिविरों में प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा बैठक
- 1571 शिकायतों को व्यावहारिक और तकनीकी दृष्टि से फिजिबल न होने के कारण किया अस्वीकार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा।

समाधान शिविरों में प्राप्त जन शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने जानकारी दी कि अब तक कुल 7155 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 5012 शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान कर दिया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 219 शिकायतों को नागरिकों की असंतुष्टि के चलते दोबारा खोला गया है, ताकि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित की जा सके। साथ ही 1571 शिकायतों को व्यावहारिक और तकनीकी दृष्टि से फिजिबल न होने के कारण अस्वीकार किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में मात्र 4.7 प्रतिशत शिकायतें लंबित हैं, जिन पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि शेष लंबित मामलों का भी जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। समीक्षा बैठक में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र कुमार, खंड शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल, नगर निगम एएमसी प्रदीप कुमार, डीआईओ दीपक भारद्वाज, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी जगदीश सोनी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमएसएमई का विकास में विशेष योगदान : बंसल

- व्यवसायी, उद्यमियों व स्वरोजगार से जुड़े युवाओं ने एमएसएमई महोत्सव का उठाया लाभ
- विभिन्न उपक्रमों से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। एमएसएमई महोत्सव में मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल। फोटो: हरिभूमि

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित आईसीएआई एमएसएमई महोत्सव में व्यवसायी, उद्यमियों व स्वरोजगार से जुड़े युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के तत्वावधान में आयोजित किए गए इस महोत्सव का संचालन चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से किया गया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि एमएसएमई महोत्सव में सीए शुभम गोयल व सीए प्रदीप तायल ने मुख्य वक्ता के रूप में एमएसएमई के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच के सचिव सीए मुकुल मित्तल एवं सतीश रोहिल्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। चेयरमैन सीए अमन बंसल ने पौधे भेंट करके मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया। इस दौरान सीए अमन बंसल ने एमएसएमई अर्थात सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग से संबंधित विविध आयामों को स्पष्ट किया।

उन्होंने बताया कि एमएसएमई सेक्टर का देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में विशेष योगदान है। यह सेक्टर न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करता है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास व व्यवासियों को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

एमएसएमई महोत्सव में एनआईआरसी हिसार ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल, कोषाध्यक्ष सीए राजेश कुमार, हिसार एनआईसीएएसए के चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज व कार्यकारी सदस्य सीए सुनील कुमार सहित स्थानीय ईकाई के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। महोत्सव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमी, रिटेलर्स व होलसेलर्स, उद्योगों से संबंधित संस्थाएं, चार्टर्ड अकाउंटेंट, निवेशक, चिकित्सा, खेती व तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी हिस्सा लिया।

# निगमायुक्त व मेयर को गिनाई समस्याएं

- निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सेक्टरों का दौरा कर समस्याएं दूर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। निगमायुक्त को ज्ञापन देते आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 16-17 और 13 पार्ट 2 ने प्रधान इंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में नगर निगमायुक्त नीरज कुमार और मेयर प्रवीण पोपली से मिलकर सेक्टर की समस्याओं से अवगत करवाया। निगमायुक्त व मेयर ने आरडब्ल्यूए की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर के इन समस्याओं को दूर करने के लिए सेक्टर का दौरा करने के लिए निर्देश दिया। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल में शामिल कुलबीर दुहन ने बताया कि सेक्टर की समस्याओं में बरसाती नाले की सफाई करवा करके जहां-जहां पर जीटी नहीं वहां पर जीटी लगाने का कार्य करवाया जाए। सेक्टर की सड़कों की लाइट की व्यवस्था सही नहीं है सेक्टर की सभी लाइटों को ठीक करके रोशनी करवाने का प्रयास किया जाए। सड़कों की सफाई नियमित रूप से करवाई जाए। सेक्टर की टूटी सड़कों की रिपेयर को तुरंत प्रभाव करने का कार्य करवाया जाए। सेक्टर के मेंन चौराहे पर बने हुए अवैध डंपिंग स्टेशन को साफ करवा करके वहां पर बेंच रखवा कर के और तारबंदी वगैरा करवा करके उसको सुंदर बनाने का कार्य किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

प्रतिनिधिमंडल में इंद्र सिंह मलिक, डॉ. हरिचंद, धर्मपाल कालीरमन, वजीर बुढ़ाना, कुलबीर दुहन, चरण सिंह, तिलक मेहता, राजन मेहता, बालवीर सिंह लाठर, कर्नल। चतर सिंह गोयत, चरण सिंह झाझरिया आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# पांच बुजुर्गों को भेजा अयोध्या

- अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने अब तक 31 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा से श्रीराम मंदिर के दर्शन करवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। बुजुर्गों को अग्रसेन भवन से रवाना करते ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला। फोटो: हरिभूमि

अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजे जाने की कड़ी में पांचवीं बार पांच बुजुर्गों को भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में रामधारी सिंह, बाबूलाल, बलवंत, भागवंती, बिमला देवी शामिल है। इससे पहले चार बार में 31 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जा चुका है। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि सुबह सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहन द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने सभी यात्रियों को वाहनों में बिठाकर झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी बुजुर्गों के लिये अयोध्या में रहने, खाने-पीने व मंदिरों के दर्शन करवाने की व्यवस्था की गई है।

# बरसाती नालों की जांच को लेकर लिखा पत्र

- नाले के निर्माण कार्य को लेकर मेयर पोपली अंसतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे मेयर प्रवीण पोपली।

दिल्ली रोड पर बीएंडआर द्वारा बनाया जा रहे नाले का शुक्रवार को मेयर प्रवीण पोपली के कार्यो का निरीक्षण किया। मेयर प्रवीण पोपली ने दिल्ली रोड सनसिटी से जिंदल चौक तक बनाए जा रहे बरसाती नाले के निरीक्षण के दौरान कहा कि जो कार्य किया गया है वह संतोषजनक नहीं लगता। क्योंकि कुछ दिन पहले पार्षद जगमोहन मित्तल ने भी निर्माण पर आपत्ति जताई थी। इस दौरान बीएंडआर के एसडीओ अरुण कुमार मौजूद रहे। मेयर ने दिल्ली रोड बरसाती नाले के कार्य के लिए बीएंडआर के मंत्री रणबीर गंगवा और विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच करने की मांग की।

**क्षेत्रवासियों ने निर्माण सामग्री पर उठाया था सवाल**

उन्होंने कहा कि इस बरसाती नाले को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा घटिया सामग्री लगाने, लेवल में न बनाने की शिकायतें मिली थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को निर्माणाधीन नाले का निर्माण के दौरान कुछ हिस्से का लेटर टूटकर गिर गया।

**मेयर ने अधिकारी को लगाई फटकार**

मेयर प्रवीण पोपली ने मौके का निरीक्षण किया और कार्य को लेकर अधिकारी को फटकार लगाई। मेयर ने दिल्ली रोड बरसाती नाले के कार्य के लिए बीएंडआर के मंत्री रणबीर गंगवा और विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच करने की मांग की। जांच के दौरान दोषी पाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### अखिल भारतीय सेवा संघ के योग शिविर का दूसरा दिन

# योग भारत की दुनिया को बड़ी देन : धवन

- शहर के लोगों ने किया योगा का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा आयोजित योग शिविर में उपस्थित शहरवासी।

अर्बन एस्टेट-2 के हुडा पार्क में अखिल भारतीय सेवा संघ के तत्वावधान में चल रहे योग शिविर के दूसरे दिन भी काफी संख्या में शहर के लोग योग करने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन उपस्थित हुए। शिविर में पतंजलि योग समिति हिसार के सह संयोजक संजीव शर्मा ने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। अध्यक्ष विनोद गोयल ने बताया कि शिविर में योग से होने वाले कई प्रकार के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

**योग को अपनाकर विश्व के लोग हो रहे लाभान्वित**

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन ने कहा कि योग भारत की दुनिया को एक बहुत बड़ी देन है जिससे आज पूरे विश्व के लोग लाभान्वित हो रहे हैं और इस प्राचीन विधि को अपनाकर निरोग एवं स्वस्थ हो रहे हैं। योग की विभिन्न क्रियाएं हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती हैं बल्कि योग हमें मानसिक और आत्मिक रूप से भी मजूबत बनाता है। उन्होंने अखिल भारतीय सेवा संघ की योग शिविर आयोजित करने के लिए सराहना की।

**ये रहे मौजूद:** शिविर में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, अध्यक्ष विनोद गोयल, सचिव संजीव राजपाल, संरक्षक संजय सेहरा, रंजीव राजपाल, राजेंद्र अग्रवाल, संदीप भाटिया, गुलशन कथूरिया, विनोद धवन, प्रदीप कटारिया, यशपाल खेड़ा, महेंद्र शांकला, संजय सेहरा, विनोद सोनी, डी.बी. ठकराल, अजय ग्रोवर, विकास लाहोरिया, डॉ. मनीष चांदना, अंजली भाटिया, नीरू पिलानी, राजेंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।